# कर्मचारी राज्य बीमा निगम, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में राजभाषा एवं स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के शुभारंभ समारोह का आयोजन

भा.मा.सं, दिल्ली (पुष्पा)। भारत सरकार के निदेशानुसार स्व' छता ही सेवा-2024 के अंतर्गत 'स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता' विषय पर स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ कार्यालय में किया गया।

इसके साथ ही गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 14 सित बर को नई दिल्ली में आयोजित हिंदी दिवस समारोह के अनुसरण और राजभाषा विभाग के आदेश के अनुपालन में राजभाषा पखवाड़ा का भी शुभारंभ कार्यालय अध्यक्ष विकास कुंडल, निदेशक (प्रभारी) की अध्यक्षता में किया गया।



इस अवसर पर मु य अतिथि रूप में राजेश शर्मा, उप निदेशक(रा.भा.), क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नई उपस्थित रहे । विकास कुंडल की अध्यक्षता में कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई तथा अपना समस्त कार्यालयी कार्य हिंदी में करने का संकल्प लिया गया।

डॉ. स्वीटी यादव, सहायक निदेशक ने सभी कार्मिकों को हिंदी पखवाड़ा एवं स्वच्छता पखवाड़ा की शुभकामनाएं देते हुए सभी को अपना समस्त कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सत्री कुशवाहा- उप निदेशक, रविन्द्र यादव-सहायक निदेशक एवं राजेन्द्र प्रसाद-सहायक निदेशक ने भी अपनी सहभागिता की।

दैनिक भास्कर
नई दिल्ली 19-09-2024

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में राजभाषा व स्वच्छता पखवाड़ा शुरू, कर्मियों ने ली शपथ

**गुरुग्राम** | कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता पखवाड़ा एवं हिंदी दिवस पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूप में उपनिदेशक राजेश शर्मा चेन्नई उपस्थित रहे। विकास कुंडल की अध्यक्षता में कार्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई और अपना समस्त कार्यालय का कामकाज हिंदी में करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पंच दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना की गई। कार्यालय प्रमुख द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल, पौधा व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. स्वीटी यादव, सहायक निदेशक ने सभी कार्मिकों को हिंदी पखवाड़ा एवं स्वच्छता पखवाड़ा की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सत्री कुशवाहा- उप निदेशक, रविन्द्र यादव-सहायक निदेशक एवं राजेन्द्र प्रसाद-सहायक निदेशक ने भी उपस्थित रहे।

THU,19 SEPTEMBER 2024
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 2

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में राजभाषा एवं स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

## ■ सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली

गुड़गांव, 18 सितम्बर (ब्यूरो): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छता विषय पर स्वच्छता पखवाड़ा एवं हिंदी दिवस पखवाड़े का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूप में उपनिदेशक राजेश शर्मा चेन्नई उपस्थित रहे। विकास कुंडल की अध्यक्षता में कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई और अपना समस्त कार्यालय का कामकाज हिंदी में करने का संकल्प लिया गया।



*राजभाषा एवं स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत करते अतिथिगण।*

इस अवसर पर पंचदीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती बंदना की गई। कार्यालय प्रमुख द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल, प्लांट पॉट एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश को स्वच्छ रखना और हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा देना महात्मा गांधी का सपना था, जिसके लिए महात्मा गांधी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हम सब को इस कार्य के लिए सदा तत्पर रहना चाहिए। इस दौरान डॉ. स्वीटी यादव, सहायक निदेशक ने सभी कार्मिकों को हिंदी पखवाड़ा एवं स्वच्छता पखवाड़ा की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सन्नी कुशवाहा- उप निदेशक, रविन्द्र यादव-सहायक निदेशक एवं राजेन्द्र प्रसाद-सहायक निदेशक ने भी उपस्थित रहे।

